प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 04.03.2025 समय : 09:00 ए.एम.

.....................

- जयपुर में चल रहे एशिया और प्रशांत क्षेत्र के 12वें क्षेत्रीय 3 आर और सर्कुलर इकोनॉमी फोरम में आज केंद्रीय वन और पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव सत्र को संबोधित करेंगे।
- निर्वाचन आयोग आज से सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य चुनाव अधिकारियों के साथ दो दिवसीय सम्मेलन आयोजित करेगा।
- विधानसभा में गृह और कारागार विभाग की 120 अरब रूपये से ज्यादा की अनुदान मांगे ध्वनिमत से पारित।
- आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट के पहले सेमीफाइनल में आज भारत का सामना ऑस्ट्रेलिया से।

.....................

जयपुर में चल रहे एशिया और प्रशांत क्षेत्र के 12वें क्षेत्रीय 3 आर और सर्कुलर इकोनॉमी फोरम के दूसरे दिन आज केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव शुरुआती सत्र को संबोधित करेंगे। इसके बाद वे प्रदर्शनी और इंडिया पैवेलियन में निजी क्षेत्र, स्टार्टअप्स, मन की बात आमंत्रितों और स्वयं सहायता समूहों से बातचीत करेंगे। इससे पहले कल फोरम में सिटीज 2.0 के तहत शहरों और राज्यों के साथ 1,800 करोड़ रूपये से अधिक के समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। केंद्रीय आवासन और शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया कि देश के 14 राज्यों में 18 शहर सिटीज 2.0 के तहत लाईट हाउस प्रोजेक्टस के रूप में चुने गए हैं। इनमें राजस्थान के जयपुर और उदयपुर भी शामिल हैं।

.....................

गौरतलब है कि जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में फोरम के 12वें संस्करण का आयोजन किया जा रहा है। कल तक चलने वाले इस फोरम में एशिया–प्रशांत देशों के एक हजार से अधिक प्रतिनिधि भाग ले रहे है। इनमें नीति निर्माता, उद्योग जगत के नेता, शिक्षाविद और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के विशेषज्ञ शामिल हैं। इस आयोजन में भारत, जापान, संयुक्त राष्ट्र संगठनों और अन्य देशों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। फोरम में इंडिया पवेलियन, नीति और महापौरों का संवाद, तकनीकी क्षेत्र का दौरा, अंतरराष्ट्रीय थ्री आर व्यापार, प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी और 'जयपुर डिक्लेरेशन' को अपनाने जैसे प्रमुख कार्यक्रम शामिल हैं।

.....................

निर्वाचन आयोग आज से सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य चुनाव अधिकारियों के साथ दो दिवसीय सम्मेलन आयोजित करेगा। ये कार्यक्रम नई दिल्ली स्थित भारत अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र और चुनाव प्रबंधन संस्थान में होगा। श्री ज्ञानेश कुमार के मुख्य चुनाव आयुक्त का कार्यभार संभालने के बाद ऐसा पहला सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इस सम्मेलन में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के चुनाव अधिकारियों को विचार–मंथन और परस्पर अनुभवों से सीखने का अवसर मिलेगा। सम्मेलन के दौरान सूचना प्रौद्योगिकी संरचना, प्रभावी संचार, सोशल मीडिया के प्रभाव को बढ़ाना और चुनावी प्रक्रियाओं में विभिन्न पदाधिकारियों की वैधानिक भूमिका सहित आधुनिक चुनाव प्रबंधन के प्रमुख क्षेत्रों जैसे अनेक विषयों पर चर्चा होगी।

.....................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए वित्त वर्ष 2025–26 के बजट के बाद तीन वेबिनार में भाग लेंगे। ये वेबिनार सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों–एमएसएमई को विकास, विनिर्माण

और निर्यात के क्षेत्र में प्रमुखता देने के साथ–साथ परमाणु ऊर्जा मिशन और व्यापार को आसान बनाने के लिए सुधारों के इंजन के रूप में आयोजित किए जा रहे हैं। श्री मोदी इस अवसर पर उपस्थित लोगों को भी संबोधित करेंगे। वेबिनार सरकारी अधिकारियों, अग्रणी उद्यमियों और व्यापार विशेषज्ञों को भारत की औद्योगिक, व्यापार और ऊर्जा रणनीतियों पर विचार–विमर्श करने के लिए एक सहयोगी मंच प्रदान करेगा। वेबिनार, नीति कार्यान्वयन, निवेश सुविधा और प्रौद्योगिकी अपनाने पर केंद्रित होगी, जिससे बजट के परिवर्तनकारी उपायों का निर्बाध कार्यान्वयन सुनिश्चित होगा। निजी क्षेत्र के विशेषज्ञ, उद्योग प्रतिनिधि और विषय वस्तु विशेषज्ञ भी वेबिनार में भाग लेंगे।

.....................

गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने कहा है कि प्रदेश में बेहतर कानून व्यवस्था बनाते हुए अपराध मुक्त और भ्रष्टाचार मुक्त राजस्थान बनाना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि अपराध के खिलाफ राजस्थान पुलिस जीरो टोलरेंस की नीति अपनाकर सख्त कार्रवाई कर रही है। कल विधानसभा में गृह विभाग और कारागार विभाग की अनुदान मांगों पर हुई बहस का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि भजन लाल सरकार के कार्यकाल के दौरान अपराध में कमी आई हैं। जवाब के बाद सदन में गृह विभाग की 116 अरब 57 करोड़ से ज्यादा की और  कारागार विभाग की 3 अरब 68 करोड़ 47 लाख रूपए से ज्यादा की अनुदान मांगें ध्वनिमत से पारित कर दी गई।

.....................

राज्यपाल और कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे ने आदेश जारी कर डॉ. प्रमोद येवले को राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, जयपुर के कुलपति पद पर नियुक्त किया है। बागडे ने चयन समिति की सिफारिश पर और राज्य सरकार के परामर्श से यह आदेश जारी किया है। यह नियुक्ति  कार्यभार संभालने की तिथि से 5 वर्ष या 70 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक, जो भी पहले हो, के लिए की है।

.....................

डीग जिले की नगर कृषि उपज मंडी में डोम का निर्माण किया जाएगा। इससे किसानों को आंधी बरसात के खराब मौसम में जिंसों को खुले में नहीं रखना पड़ेगा और फसलें भीगने से बचेंगी। हमारी संवाददाता ने बताया कि डोम का निर्माण कृषि विपणन विभाग की ओर से किया जाएगा।

.....................

प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर फागोत्सव के आयोजन हो रहे हैं। बृज क्षेत्र भरतपुर में ढोल नंगाडो की थाप के साथ भपंग की ताल पर हुरियारे बृज की परम्परा का निर्वहन कर रहे है। बांके बिहारी मंदिर में नृत्य और संगीत कार्यक्रमों के साथ ठाकुर जी के प्रति आस्था प्रकट की जा रही है। श्रद्धालु फूलों की होली खेल रहे है। उधर पाली में गीता भवन, रघुनाथ मंदिर और गोपीनाथ मंदिर सहित सभी मंदिरों में फागोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जा रहा है। हमारे संवाददाता ने बताया कि इनमें केन्द्र की योजनाओं के बारे में महिलाएं गीतों के माध्यम से प्रचार प्रसार कर रही है।

.....................

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट के पहले सेमीफाइनल में आज भारत और ऑस्ट्रेलिया आमने सामने होंगे। यह मैच भारतीय समय के अनुसार दोपहर ढाई बजे से शुरू होगा। भारतीय टीम, स्पिनर गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के साथ टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन कर रही है। बांग्लादेश और पाकिस्तान के खिलाफ मजबूत जीत के बाद भारत ने अपने अंतिम लीग मैच में न्यूजीलैंड को भी रोमांचक मैच में 44 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ, भारत सभी तीन मैच जीतकर ग्रुप ए में शीर्ष पर रहा। दूसरी ओर ऑस्ट्रेलिया की टीम भी बेहतर प्रदर्शन कर रही है। टूर्नामेंट का दूसरा सेमीफाइनल कल न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के बीच लाहौर में होगा। फाइनल मैच रविवार को खेला जाएगा।

.....................